हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 21 सितंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 कलेक्टर व सीईओ कर रहे वार्डों में जा जाकर...



07 आधी रात को गेट में लात मारकर घर में घुसे ...



## खबर संक्षेप

### रामदुलारी साहू का निधन अंतिम संस्कार आज



**सागर।** न्यूज़ पेपर एजेंट कमल साहू, बृजेश साहू की माता राम दुलारी साहू 90 वर्ष पत्नी स्वर. रामचरण साहू का देवलोक गमन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आज रविवार को सुबह 11 नरयावली नाका मुक्तिधाम पर किया जावेगा। अपने पीछे चार पुत्रों नंदकिशोर, कन्हैयालाल कमल एमपीईबी, एडवोकेट जितेंद्र एवं बृजेश साहू एवं दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

### मंत्री प्रहलाद पटेल होंगे नमो युवा मैराथन में शामिल

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 21 सितम्बर को प्रातः 7 बजे सिटी स्टेडियम, जिला सागर पहुंचेंगे। जहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूरे देश में चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नमो युवा मैराथन में शामिल होंगे।

### मंत्री गोविंद राजपूत रक्त दान शिविर में होंगे शामिल

**सागर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत 21 सितंबर को दोपहर 1.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुरखी में आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लेंगे। यह शिविर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य जनसेवा की भावना को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है।

### शाहगढ़ में मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण

**सागर।** नशे के विरूद्ध चल रहे अभियान के तहत मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षण हेतु शाहगढ की मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण दल के द्वारा किया गया। दल मे ड्रग इंस्पेक्टर सोनम जैन, नायब तहसीलदार विनोद सिंह, पटवारी उपस्थित रहे । दल के द्वारा मेडिकल संचालको से नारकोटिस दवाओं के खरीदी बिक्री बिल प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। विजय मेडिकल, पाल मेडिकल, कृष्णा मेडिकल, उमेश मेडिकल एवं ओम मेडिकल स्टोर्स का निरिक्षण दल द्वारा किया गया। अन्य मेडिकल स्टोर दुकान बंद कर चले गए। सभी मेडिकल संचालको को निर्देशित किया गया की कोडीन ड्रग एवं नारकोटिक्स दवाई प्रॉपर दस्तावेज़ो के साथ ही विक्रय करें।

### उल्लास नव भारत साक्षरता परीक्षा संपन्न

**सागर।** उल्लास नव भारत साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा आज सागर जिले के 11 विकासखण्डों में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। यह परीक्षा जिले भर के लगभग 3574 सामाजिक चेतना केन्द्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा का आयोजन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक लचीले समय में किया गया, जिससे परीक्षार्थी अपने घरेलू व कृषि कार्यों से मुक्त होकर किसी भी समय परीक्षा दे सकें। परीक्षा का कुल समय 3 घंटे निर्धारित रहा। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार नवसाक्षरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा का संचालन किया गया। जिले के समस्त ग्रामों, बस्तियों और नगरीय निकायों में पहले सर्वे कर असाक्षरों का चिन्हांकन किया गया। इसके उपरांत समग्र आई.डी. के माध्यम से उनका रजिस्ट्रेशन एन.आई.एल.पी. पोर्टल पर किया गया। पढ़ाई हेतु असाक्षरों को 'अक्षर पोथी' पुस्तिका से मोहल्लों एवं घर-घर जाकर 1731 अक्षर साथियों द्वारा शिक्षित किया गया। परीक्षा के संचालन में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण भोपाल के निर्देशानुसार नोडल अधिकारियों एवं माध्यमिक-प्राथमिक शालाओं के प्रधानाध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## लोकल फॉर वोकल के तहत स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदें

# जब किसी के खून से बचती है अपनों की जान तब समझ आता है क्या होता है रक्तदान : मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

मध्य प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

उन्होंने रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान जैसे कार्यों के माध्यम से जनता को सेवा, स्वच्छता और स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। मंत्री राजपूत ने राहतगढ़ के सिविल अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लिया, जहां सैकड़ों युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जैसीनगर के रक्तदान रिकॉर्ड को तोड़ा। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए और उनकी सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। जब किसी और के खून से बचती है आपनों की जान, तब समझ आता है क्या होता है रक्तदान। आवश्यकता के समय ही रक्तदान का महत्व समझ आता है। मंत्री राजपूत ने रक्तदान को जरूरतमंद मरीजों के लिए संजीवनी बताया। उन्होंने कहा कि राहतगढ़ में एकत्र रक्त निश्चित रूप से जरुरतमंदों के लिए वरदान सिद्ध होगा।



इसके साथ ही, मंत्री राजपूत ने अस्पताल परिसर में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ झाड़ू उठाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने स्वच्छता को जन-जागरूकता का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए सभी से इसमें सहयोग करने की अपील की। उन्होंने श्स्वस्थ नारी, सशक्त परिवारश अभियान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि माताएं-बहनें परिवार और समाज की नींव हैं, लेकिन अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों में व्यस्त रहने के कारण वे अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज करती हैं। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और जनता से आग्रह किया कि अधिक से अधिक महिलाओं की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करें, क्योंकि स्वस्थ माताएं-बहनें ही स्वस्थ परिवार और देश का आधार हैं। मंत्री राजपूत ने प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व दैदीप्यमान सूर्य के समान है और जनता का उनके प्रति प्रेम इस बात की गवाही देता है कि यह युग पूर्ण रूप से श्मोदीमयश है। उन्होंने बताया कि मोदी ने अपना जन्मदिन मध्य प्रदेश के धार जिले में आदिवासी भाइयों के बीच मनाया, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री मित्र पार्क का भूमिपूजन किया, जिससे हजारों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने श्लोकल फॉर वोकल पहल के तहत दीपावली पर स्वदेशी वस्तुएं खरीदने की अपील की, ताकि देश की मिट्टी की खुशबू से बनी वस्तुओं को बढ़ावा मिले और भारत समृद्ध हो।

## कर्मचारी कल्याण कोष में अनुराग संभागीय उपाध्यक्ष व गोविंद जिला प्रभारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहली

प्रांताध्यक्ष पी एस यू एम शिक्षक संघ मुरली मनोहर अरजरिया, प्रांतीय संयोजक पवन खरे, प्रांत प्रमुख सतीश खरे द्वारा प्रांतीय महासचिव मुकेश नेमा की अनुशंसा पर अनुराग राय गढ़ाकोटा को संभागीय उपाध्यक्ष सागर एवं गोविंद सिंह ठाकुर रहली को जिला प्रभारी सागर के पद पर नियुक्त किया गया है।

दोनों शिक्षकों की नियुक्ति पर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली प्राचार्य विजय कुमार पचौरी, सांदीपनि स्कूल रहली प्रभारी प्राचार्य दिलीप कुमार चौबे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर प्रभारी प्राचार्य श्यामाचरण कुर्मी, कमलेश दुबे, सलामत खान, साक्षी दुबे एवं अशोक सिंह ठाकुर तालमपुर, शिव शंकर रैकवार, यतेंद्र समाधिया, संतोष जैन, मुकेश पचौरी, शैलेंद्र जैन, मनीष शास्त्री, नीरज प्रजापति, दिनेश खरे, लकी लक्षकार, सचिंद्र शुक्ला, विश्वेश्वर सिंह, रवि अहिरवार, देवेंद्र कतरोलिया, दिनेश सेन सहित समस्त सागर जिला एवं रहली विकास खंड के शिक्षकों ने बधाई प्रेषित की है।

कर्मचारी कल्याण कोष का उद्देश्य है कि यदि किसी साथी के साथ कोई अप्रिय घटना घटित हो जाती है या वो गंभीर रूप से बीमार हो जाता है तो सभी नामांकित सदस्यों द्वारा केवल सौ रुपए की सहायता करने पर वर्तमान स्थिति में 11 लाख रूपए की तात्कालिक आर्थिक मदद नॉमिनी या कर्मचारी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी जायेगी। वर्तमान स्थिति में इस कल्याणकारी एवं मानवीय योजना से मध्यप्रदेश के शिक्षा विभाग के 11000 कर्मचारी जुड़ चुके हैं। बहुत ही जल्द ये आंकड़ा 50 हजार तक पहुंच जाएगा,योजना में प्रतिदिन लगभग 200 से 300 सदस्य जुड़ रहे हैं।इस योजना के प्रति शिक्षा विभाग में खासा उत्साह है,इस योजना में शिक्षा विभाग के भृत्य से लेकर प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी जुड़ सकते हैं।

## गढ़ाकोटा में ड्रग स्पेक्टर आने की भनक से मेडीकल हुए बंद कलेक्टर करा रहे हैं मेडिकलों की जांच

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में शनिवार के दिन ड्रग स्पेक्टर आने कि भनक के चलते गढाकोटा के अधिकांश मेडीकल स्टोर बंद हो गये। ड्रग स्पेक्टर कि दहशत के चलते कई मेडीकल संचालक जहां इधर उधर हो गये। वहीं टीम के जाने के रहली जाने कि खबर के बाद अपने अपने बंद मेडीकल स्टोरो को खोलने लगे। लोगों ने बताया कि टीम के द्वारा नगर के दो मेडीकलो ओर चनौआ में सिर्फ औपचारिकता करते हुए जांच की है वहीं अन्य मेडीकलो को छोड़ रहली रवाना हो गई। यहा बता दें सागर कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिले के सभी मेडिकल स्टोर्सो कि जांच के आदेश दिए गए हैं उसी क्रम में गढाकोटा में भी ड्रग स्पेक्टर सहित टीम के द्वारा मेडीकलो का निरीक्षण किया गया लेकिन टीम के द्वारा जांच में केवल औपचारिकता ही देखी गई है जबकि मेडीकल स्टोरो में जेनेरिक दवाई,जीएसटी नंबर,एक्सपाइरी दवाईयां, थोक दवाई विक्रय, दवाईयों के विल न देना, लाईसेंस किसी का ओर कोई ओर मेडीकल चला रहा है जैसी कमीयां देखी गई है।



## विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का समापन

**सागर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं के लिए 30 दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कोर्स का आयोजन किया गया जिसका समापन 20 सितंबर को हुआ। समापन समारोह में प्रशिक्षित छात्राओं के मार्गदर्शन व उत्साह वर्धन तथा सर्टिफिकेट वितरण के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर सागर की समाजसेवी एवं प्रसिद्ध इतिहासकार नीलम पिंपलापुरे उपस्थित रही इसी के साथ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सरोज गुप्ता, विवेकानंद मार्गदर्शन योजना की प्रभारी डॉक्टर प्रतिभा जैन, प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रशिक्षक सलमा खान मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों के स्वागत सत्कार के पश्चात ब्यूटीशियन कोर्स में प्रशिक्षित छात्राओं ने आकर्षक वेशभूषा और भारत के पारंपरिक परिधानों में कैटवॉक का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात कार्यक्रम की संचालनकर्ता डॉ.अभिलाषा जैन ने विषय को आगे बढ़ते हुए वर्तमान परिदृश्य में सरकारी नौकरियों में कमी के परिप्रेक्ष्य में स्वरोजगार के लिए प्रयास करने पर अपनी बात रखी साथ ही उन्होंने बढ़ते सौंदर्य बाजार में ब्यूटीशियन कोर्स की उपयोगिता पर चर्चा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रतिभा जैन ने प्रशिक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया उन्होंने बताया कि इस कोर्स से कुल 80 छात्राओं के रजिस्ट्रेशन हुए, इसमें उन्होंने थ्रेडिंग, विभिन्न प्रकार की हेयर स्टाइल, मेकअप तथा साड़ी पहनने के विविध तरीके सीखे। यह कोर्स छात्राओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान ही नहीं करेगा, बल्कि उनमें आत्मविश्वास आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को भी विकसित करता है ।

## स्वावलम्बन से आत्मनिर्भर की ओर जीवन के लिए आवश्यक है अभ्यास : डॉ प्रतिभा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

श्री जैन दिगम्बर महिला उमा विद्यालय लक्ष्मीपुरा एवं स्वामी विवेकानन्द विश्वविद्यालय सागर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क सिलाई, कढ़ाई प्रशिक्षण कौशल विकास योजना के अन्तर्गत आत्मनिर्भर अभियान को दृष्टिगत करते हुए लक्ष्मीपुरा वार्ड, सागर में "स्वावलम्बन से आत्मनिर्भर की ओर" विषय पर निःशुल्क सिलाई, कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन। तद्पश्चात समापन के अवसर पर भारतीय स्त्री शक्ति की प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि "स्वावलम्बन से आत्मनिर्भर की ओर जीवन के लिए आवष्यक है अभ्यास"। जीवन के लिए योग, संयम, धैर्य और अत्मविष्वास अतिआवष्यक है।





स्वावलंबन से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हुए, हम अपने जीवन में आत्म-विश्वास, आत्म-बल और स्वतंत्रता का अनुभव करते हैं, जिससे समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान मिलता है। स्वावलंबन दूसरों पर निर्भरता को कम करके आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करता है, जहाँ व्यक्ति अपने ज्ञान और कौशल के बल पर स्वयं के निर्णय लेता है और देश के लिए स्वदेशी और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देता है। यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए आवश्यक है। स्वावलंबन से ही हम आत्मनिर्भरता के स्तर तक पहुँचते हैं। नई तकनीकों को अपनाना और कौशल विकास करना आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है। महात्मा गांधी का चरखा कातना, रैदास का जूते बनाना स्वावलंबन की शिक्षा देते हैं।

भारत का मंगल मिशन और सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी में उसकी शक्ति आत्मनिर्भरता के उदाहरण हैं। इससे व्यक्ति प्रगति के सोपान चढ़ता है और जीवन में सफलता प्राप्त करता है। एक स्वावलंबी नागरिक अपने कार्यों से राष्ट्र की प्रगति में योगदान देता है। वक्तव्य की अगली श्रृखला में श्रीमती प्रज्ञा उपाध्याय-अध्यक्ष सागर जिला इकाई ने कहा कि-स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना आत्मनिर्भर भारत का एक महत्वपूर्ण अंग है। घरेलू क्षमताओं को मजबूत करके विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम की जा सकती है। हमें अपने दैनिक जीवन में स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता के मूल्यों को अपनाना चाहिए। देश के हर नागरिक को आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए अपना योगदान देना होगा, जैसे कि स्थानीय उत्पादों का उपयोग करके और देश के आर्थिक विकास में सहयोग करके। स्वावलंबन का अर्थ है स्वयं के कार्य स्वयं करना और किसी की सहायता या निर्भरता के बिना अपना काम पूरा करना। यह आत्म-निर्भरता की भावना को बढ़ावा देता है।

## प्रो दिवाकर सिंह राजपूत भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के कार्यकारिणी सदस्य बने



**सागर।** डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत को भारतीय लोक प्रशासन संस्थान नई दिल्ली की मध्य प्रदेश शाखा का कार्यकारिणी सदस्य (ई सी मेम्बर) नियुक्त किया गया है। प्रोफेसर राजपूत पहले भी दो वर्ष के लिए आईआईपी एकेईसी मेम्बर रह चुके हैं। डॉ राजपूत वर्तमान में इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिमिनोलॉजी चेन्नई के भी ई सी मेम्बर हैं। साथ ही ज्ञानवीर विश्वविद्यालय एवं डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के अकादमिक काउंसिल सहित अनेक समितियों के भी सदस्य है। प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत को भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किये जाने पर अध्यक्ष के के सेठी, सचिव डी पी तिवारी सहित नरेंद्र प्रसाद, के सी श्रीवास्तव, कमलाकर सिंह, अरुण गुरटू, ए के गुप्ता, एस एन डागा आदि ने बधाईयाँ दी. इस अवसर पर के के सेठी ने डॉ दिवाकर सिंह राजपूत को पुस्तकें भेंट की।

## गर्भावस्था के दौरान डायबिटीज प्रोजेक्ट पर कार्यशाला का आयोजन संपन्न

**सागर।** मेटरनिटी फाउंडेशन द्वारा गर्भावस्था के दौरान डायबिटीज प्रोजेक्ट(जीडीएम) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, सागर संभाग डॉ. नीना गिडियन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यशाला में सागर संभाग के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यशाला में जीडीएम सेवाओं के क्रियान्वयन, उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं पर प्रस्तुतियाँ दी गईं तथा विस्तृत चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि गर्भावधि मधुमेह (जीडीएम) की समय पर पहचान और उपचार माँ एवं शिशु दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे गर्भावस्था एवं प्रसव संबंधी जटिलताओं को कम करने में सहायता मिलती है तथा सुरक्षित मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य को प्रोत्साहन मिलता है। इस अवसर पर मेटरनिटी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि "जीडीएम प्रोजेक्टर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसके प्रभाव आगामी समय में और व्यापक होंगे।" कार्यशाला में वर्ल्ड डायबिटीज फाउंडेशन तथा अन्य विकास सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी रही।

## विश्वविद्यालय में स्मार्ट इंडिया आंतरिक हैकाथॉन 2025 का आयोजन

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सेल द्वारा स्मार्ट इंडिया आंतरिक हैकाथॉन 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर की अध्यक्षता तथा मुख्य अतिथि आईओईटी निदेशक प्रो. आशीष वर्मा, विशिष्ट अतिथि सुश्री अंकिता तैलंग (इन्फोसिस, टेक्नोलॉजी लीड), प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सेल के समन्वयक डॉ. अभिषेक बंसल, एसपीओसी डॉ. पी. एस. सिंह तथा संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति में हुआ।कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को स्टार्टअप के माध्यम से नौकरी तलाशने के बजाय नौकरी सृजक बनने की आवश्यकता है. और विचारों को स्टार्टअप में परिवर्तित करने का महत्व तथा मार्केटिंग की भूमिका पर बल दिया। मुख्य अतिथि प्रो. आशीष वर्मा ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक समस्याओं पर नवाचार करने, समाज को लाभ पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित करने हेतु प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि सुश्री अंकिता तैलंग ने उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच की कड़ी को रेखांकित किया तथा प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों से अच्छे विचार सोचने और नवाचार उत्पाद बनाने का आह्वान किया।प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सेल के समन्वयक डॉ अभिषेक बंसल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया।

## स्वस्थ युवा ही स्वच्छ भारत का निर्माता : डॉ. अभिषेक

# स्वच्छता व स्वास्थ्य जागरूकता रैली: एनएसएस स्वयंसेवकों ने पथरिया गांव में चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में भारत सरकार द्वारा निर्देशित स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य एवं जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवाओं में स्वच्छता और स्वास्थ्य विषयक जागरूकता विषय पर व्याख्यान देते हुए मुख्य वक्ता डॉ. अभिषेक जैन ने स्वयंसेवकों को विटामिन-डी, रक्तदान, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा की स्वस्थ शरीर ही स्वच्छ और सशक्त समाज का आधार है। महिला और पुरुषों के स्वास्थ्य संबंधी मानकों पर चर्चा करते हुए बताया कि रक्त दान एक सामाजिक आवश्यकता है।





इसके पश्चात, एनएसएस समन्वयक डॉ. संजय शर्मा ने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि युवाओं की प्रमुख जिम्मेदारी समाज में जागरूकता फैलाना और देश को प्रगति की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे केवल विश्वविद्यालय परिसर तक सीमित न रहें, बल्कि ग्रामीण अंचलों में जाकर भी स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी संदेश दें।

कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस के स्वयंसेवको ने पथरिया गाँव पहुंचकर और महिलाओं, युवाओं और स्कूली बच्चों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया। स्वयंसेवकों ने गाँव में रैली आयोजित की, जिसमें उन्होंने हाथ में बैनर और पोस्टर लेकर स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश प्रकट किए।

ग्रामीणों को साफ-सफाई, स्वच्छ जल, पोषण, और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की महत्ता समझाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक, स्कूल के शिक्षक, बच्चें, एनएसएस समन्वयक और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। ग्रामीणों ने भी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार, 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।



## विवेकानंद वार्ड में भाजपा जिलाध्यक्ष, निगमाध्यक्ष व वार्ड पार्षद ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया

**सागर।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नगर निगम द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विवेकानंद वार्ड से भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, विवेकानंद वार्ड पार्षद डॉ. याकृति जड़िया के नेतृत्व में सफाई अभियान प्रारंभ हुआ जिसमें सूर्य विजय अखाड़ा से लेकर वार्ड की समस्त छोटी-बड़ी गलियों की सफाई करके झाड़ू एवं लाल पाउडर डलवाकर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता सेवा अभियान में मुख्य रूप से जगन्नाथ गुरैया, अमित बैसाखियां अंशुल हर्षे, गोपी पंथी, विष्णु खटीक, दशरथ मालवीय, अरुण सोनी, निमेष जड़िया, रिंकू सोनी, जय कुमार सोनी, संकल्प जैन शिवा यादव, सीताराम ओझा सहित विवेकानंद वार्ड के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान में भाग लिया एवं अपने वार्ड, अपनी गली- मोहल्ले को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया तथा यह शपथ ली कि हम नियमित रूप से स्वच्छता पर ध्यान देकर अपने शहर, अपने वार्ड को स्वच्छ रखेंगे ।

### स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देने छठे दिन शिक्षा विभाग के साथ वार्ता

# कलेक्टर व सीएमओ कर रहे वार्डों में जा जाकर आमजनों से चाय पे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन का रूप देने के लिए प्रयासरत कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया एक तरफ स्वयं शहर के वार्डों में भ्रमण कर शहरवासियों से चाय पर चर्चा करके उन्हें प्रोत्साहित कर रहे तो दूसरी ओर विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करके उक्त विभाग से संबंधित संस्थानों का सहयोग भी स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिये लिया जा रहा है।

इसी तारतम्य में कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा लोगों को अभियान में जोड़ने के उद्देश्य से आज छठा दिवस नगर पालिका परिषद कार्यालय मे बैठक आयोजित की गईं। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी हनुमत सिंह चौहान, एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य सुनील श्रींवास्तव एवं विभिन प्राइवेट स्कूल संस्थाओ के प्राचार्य व शिक्षको से चर्चा कर स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाये जाने के लिए 25 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई और कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को अभियान से जुड़ने की अपील की गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 27 के राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल मे छात्र छात्राओं को और स्कूल स्टाफ़ को स्वच्छता शपथ दिलाई गई जिसमें उन्होंने अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने, कचरा न फैलाने और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। जिसमें नगर पालिका के समस्त कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।






**वार्डों में जाकर कलेक्टर स्वयं कर रहे शहरवासियों से चाय पर चर्चा:** कलेक्टर और नगर पालिका परिषद सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शहर के वार्डों में जाकर स्थानीयजनों से स्वच्छता की बात चाय के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसमें लोगों से 25 सितम्बर होने वाले स्वच्छता जन आंदोलन से जुड़ने की अपील की। इस अवसर वार्ड पार्षद मुन्ना लाल साहू, पार्षद प्रतिनिधि सन्नी सोनी, बृजेन्द्र पाल सिंह, सिद्धार्थ सिंह, गोरव ठागन, अरविंद रजक सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारी तथा वार्डबासी उपस्थित रहे।

## अभियान के संबंध में कलेक्टर श्रोत्रिय ने दी विस्तृत जानकारी

कलेक्टर श्रोत्रिय ने अभियान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया की सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। जिसमें मुख्य गतिविधियाँ स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जाँच शिविर, पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण एबं जल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियाँ संचालित की जाएगी। इस अभियान की विशेष पहल के रूप में स्वच्छता ही सेवा अभियान और पोषण माह से जुड़ी गतिविधियाँ की जानी है। इसके अलावा सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभार्थियों का पंजीयन, वृद्धजन, दिव्यांग और जरूरतमंद लोगों की विशेष सहायता, पोषण आहार वितरण और रक्तदान शिविर, डिजिटल सेवाओं और ई-गवर्नेंस का प्रचार-प्रसार करना भी इसमें शामिल है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि इस अभियान का समापन गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को किया जायेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिये विभिन्न विभागों को कार्य सौंपे गए हैं। जिनमें नगरीय प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि शामिल हैं।

### गंदगी को साफ कर पोस्ट करने की कलेक्टर ने की अपील

कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा सोशल मीडिया पर भी अभियान के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा गया कि हमारे आसपास के ऐसे स्थान जहाँ हमारी आँखो को कचरे का ढेर देखने की आदत हो गई हो। सरकारी भाषा में इसे स्वच्छता लक्षित इकाई क्लीनलिनेस टारगेट यूनिट सीटीयू कहते हैं। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़े में हर नगरीय निकाय और ग्राम में ऐसे सीटीयू को पहचान कर उन्हें स्वच्छ करने का लक्ष्य रखा गया है। स्वच्छता का काम केवल सरकारी तंत्र से संभव नहीं है। सभी जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और संस्थाओं को योगदान देना होगा। कलेक्टर श्रोत्रिय ने अपील करते हुए कहा कि आप सभी शहरवासियो व जिलेवासियो से अनुरोध है कि अपने पार्षद, अपने मित्रों, अपने ग्रुप, अपनी संस्थाओं मे इसकी चर्चा करें तथा नगरीय निकाय और पंचायत के साथ मिलकर अपने नगर और गाँव को स्वच्छ करने के लिए कदम बढ़ायें और अपने मोहल्ले के सीटीयू का बिफोर और आफ्टर जरूर पोस्ट करें।

### इस बार दांव पड़ा उल्टा, हनी ट्रैप गैंग का पर्दाफाश

# युवती ने अश्लील वीडियो बनाकर 52 वर्षीय शख्स को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



शहर में हनी ट्रैप गैंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक युवती ने अपने साथियों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश के मऊरानीपुर निवासी 52 वर्षीय चरण सिंह पटेल को जाल में फंसाया। आरोप है कि युवती ने पीड़ित का अश्लील वीडियो बनाकर उसे बंधक बना लिया और उसके परिजनों से 6 लाख रुपए की फिरौती की मांग की। साथ ही धमकी दी कि यदि रकम नहीं दी गई तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा और पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई जाएगी। हालांकि उक्त युवती पर पूर्व में भी फोटो युवकों को गैंगरेप में फंसाने का आरोप लग चुका है। लेकिन इस बार युवती और उसकी गैंग के लिए हनीट्रैप का खेल उल्टा पड़ गया। जिससे युवती अपने गैंग समेत पुलिस के चंगुल में फंस गईं।

पीड़ित चरण सिंह पटेल के भतीजे ने कोतवाली थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए उक्त मामले की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पूरी योजना बनाकर जाल बिछाया। जिसके तहत पीड़ति के भतीजे को 5 लाख रुपए नकदी लेकर आरोपियों द्वारा बताए गए स्थान पर भेजा गया। जैसे ही युवती पैसे लेने पहुंची, पुलिस टीम ने पहले से की गई घेराबंदी में उसे दबोच लिया। पूछताछ में युवती ने अपने साथियों के नाम कबूले। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, मुख्य आरोपी इरफान खान समेत दो आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि पीड़ित को सुरक्षित थाने लाया गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। इस घटना ने शहर में हड़कंप मचा दिया है। लोग हैरान हैं कि किस तरह संगठित तरीके से युवती और उसके साथी ब्लैकमेलिंग के लिए हनी ट्रैप का सहारा ले रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया है कि ऐसे अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**पलेरा।** थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने शुक्रवार की रात अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पलेरा थाना पुलिस ने मौके का नक्शा पंचनामा इत्यादि तैयार करते हुए शव को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के गांव महेंद्र महेबा निवासी 19 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते घर पर फांसी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार महेंद्र महेवा गांव की रहने वाली 19 वर्षीय रुबीना चढ़ार पुत्री विनोद चढ़ार ने रात के वक्त अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगा ली। बताया गया है कि युवती के माता पिता दिल्ली में मजदूरी का काम करते थे। पुलिस ने इस पूरे मामले में मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### सुसाइट नोट में यूपी पुलिस पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

## उत्तर प्रदेश के निवासी ने टीकमगढ़ के होटल में आकर लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



शहर के एक होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का एक अजीबो गरीब मामला सामने आया। जिसमें उत्तर प्रदेश के ललितपुर निवासी व्यक्ति ने टिकमके होटल में पहले रूम बुक किया और फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से कोतवाली पुलिस को एक सुसाइट नोट भी मिला जिसमें मृतक ने यूपी पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस उक्त मामले की जांच में जुट गईं है।

पुलिस के बताये अनुसार यूपी के ललितपुर में मोहर बनाने बाले दुकानदार ने टीकमगढ़ के होटल में आत्महत्या की है। और सुसाइड नोट में लिखा है कि ललितपुर पुलिस उसके बेटे को बिना किसी कारण उठा ले गई। शहर के सिविल लाइन रोड स्थित गायत्री होटल में एक दुकानदार ने शनिवार दोपहर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम लक्ष्मी नारायण राठौर बताया गया है जिसने होटल के कमरा नंबर 106 में पंखे से फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। नोट में ललितपुर कोतवाली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मृतक लक्ष्मी नारायण ने अपने सुसाइड नोट में लिखा कि ललितपुर पुलिस ने उनके बेटे शिवम राठौर को 16 सितंबर को बिना किसी कारण या सबूत के हिरासत में ले लिया। सुसाइड नोट के अनुसार, मृतक लक्ष्मी नारायण और उनका बेटा ललितपुर में रबर स्टाम्प बनाने और पेंटिंग का काम करते हैं। शिवम का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है लेकिन फिर भी ललितपुर पुलिस ने उसे दुकान से बिना वारंट के उठाया और पूछताछ करने का हवाला देकर साथ ले गए। साथ ही पुलिसकर्मियों ने जल्द छोड़ने की बात कही थी। मृतक लक्ष्मी नारायण ने आगे लिखा कि ललितपुर कोतवाली थाने में बार-बार संपर्क करने पर भी उन्हें बेटे से नहीं मिलने दिया गया। न ही हिरासत में लेने का कोई कारण बताया गया।

मृतक ने अपने सुसाइड नोट में आरोप लगाते हुए लिखा कि 24 घंटे से अधिक समय तक बिना मजिस्ट्रेट के सामने पेश किए हिरासत में रखने को कानून का उल्लंघन बताया। फांसी लगाने की उक्त घटना की सूचना मिलते ही टीकमगढ़ कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# बैठक में तय हुए दल गठन, काउंसलर प्रशिक्षण व सामजिक सरोकार कार्यक्रम

### जूनियर रेडक्रॉस उपसमिति की बैठक का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

रेडक्रॉस सोसाइटी शिवाजी नगर मध्यप्रदेश राज्य शाखा के वार्षिक कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कक्ष में जूनियर रेडक्रॉस उपसमिति की बैठक उत्साह और गंभीरता के साथ संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी हनुमंत सिंह चौहान ने की। बैठक प्रातः 11 बजे प्रारंभ हुई जिसमें तय किये गये एजेंडा बिंदुओं पर विस्तृत रूप विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में आगामी वार्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इसमें विशेष रूप से विद्यालयों में जूनियर रेडक्रॉस दल गठन, जिला स्तरीय काउंसलर प्रशिक्षण, 1 अक्टूबर को आयोजित होने वाले वृद्धजन सम्मान दिवस तथा दिव्यांगजन के लिए निरामय कार्यक्रम जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने एजेंडा बिंदुओं पर अपनी सहमति और स्वीकृति प्रदान की। बैठक में सहायक संचालक सीएल अहिरवार शिक्षा, सहायक संचालक तिवारी सामाजिक न्याय विभाग, प्राचार्य डॉ. सुनील श्रीवास्तव उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, प्राचार्या स्वर्णा जैन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रेडक्रॉस सचिव विनोद आदित्य तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में अध्यक्ष हनुमंत सिंह चौहान ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी का मूल उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों, वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों की सेवा करना है। विद्यालय स्तर पर बच्चों में सामाजिक सेवा की भावना विकसित करने के लिए जूनियर रेडक्रॉस दल का गठन आवश्यक है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रमुखों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने विद्यालयों में सक्रिय रूप से रेडक्रॉस की गतिविधियों को बढ़ावा दें और विद्यार्थियों को सेवा व सहयोग की भावना से जोड़ें। बैठक का समापन आपसी सहमति और प्रस्तावित कार्यक्रमों की स्वीकृति के साथ हुआ।

### उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान अंतर्गत हुआ आयोजन

## 276 केंद्रों में 25 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने दी साक्षर परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को पलेरा विकासखंड अंतर्गत साक्षर परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमे 25 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा आयोजित करने के लिये 276 परीक्षा केंद्र बनाये गये। इन परीक्षा केंद्रों के सभी स्कूलों में नव साक्षर की परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 25 हजार असाक्षर महिला और पुरुषों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा में पास होने पर इन सभी परीक्षार्थियों को साक्षर होने का प्रमाण पत्र दिया जायेगा। प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी राजेंद्र पस्तौर के निर्देशन एवं भानु प्रकाश श्रीवास्तव बीआरसीसी के मार्गदर्शन तथा पुष्पेंद्र कुमार पाठक विकासखंड समन्वयक द्वारा विकासखंड के सभी परीक्षा केंद्रों पर जाकर निरीक्षण और मॉनिटरिंग की गईं। परीक्षा केंद्रों के बाहर टेंन्ट एवं गुब्बारे सजाकर परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। जिसमे सभी स्कूलों ने अपना सहयोग प्रदान किया। जिसमें समन्वयक देवेंद्र तिवारी, रहीस खान, जयराम रैकवार, कौशल श्रीधर, संजीव खरे, केके त्रिपाठी, सत्यनारायण रिछारिया, संजीव साहू एवं करन सौर के नाम शामिल है। बताया गया है कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत परीक्षा में शामिल सभी महिला एवं पुरुषों को साक्षर बनाने के लिए शिक्षा प्रदान की जा रही थी। सभी को साक्षर होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### युवा जोड़ो अभियान के तहत सुरक्षित व जिम्मेदार युवा निर्माण के लिए की एडवाइजरी जारी

# दिशावान युवा शक्ति होती है राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकतः एसपी मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





किसी भी देश की युवा शक्ति को यदि सही दिशा दिखाकर उपयोग किया जाए तो वह राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत बन जाती है। शिक्षा, सम्मान, अनुशासन और संस्कार ही उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव होती हैं। उक्त संदेश पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने युवा जोड़ो अभियान के तहत सुरक्षित और जिम्मेदार युवा निर्माण के लिए एडवाइजरी जारी करने के दौरान दिया। एसपी मंडलोई ने युवाओं का आहवान करते हुए कहा कि अपराध व सामजिक बुराइयों से दूर रहकर युवाओं को शिक्षा, खेल और अन्य रचनात्मक क्षेत्रों में भागीदारी करने के लिये प्रोत्साहित होना चाहिए। जिससे अपने राष्ट्र को मजबूती मिल सके। क्योंकि दिशावान युवा ही राष्ट्र की मजबूती का मुख्य आधार स्तम्भ होता है।

### युवा जोड़ो अभियान का विस्तृत रूप में बताया उद्देश्य

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि युवाओं को शिक्षा, खेल और अन्य रचनात्मक क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने और साथ ही उन्हें नशे, अपराध और समाज की बुराइयों से दूर रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जिले में युवा जोड़ो अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसमें युवाओं को खेल एवं शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रति प्रेरित करने, तकनीकी जानकारी प्रदान करने तथा नशे से दूरी बनाने, यातायात नियमों का पालन करने और अपराध से बचने संबंधी एडवाइजरी जारी की जा रही है। जिले के सभी युवाओं से अपेक्षा है कि वे इन मार्गदर्शक बिंदुओं को आत्मसात करेंगे और नशा, अपराध व सामाजिक कुरीतियों से दूर रहकर एक उज्ज्वल, अनुशासित एवं सशक्त समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता देंगे।

### युवाओं के लिए एसपी ने दिया विशेष मार्गदर्शन

एसपी मंडलोई ने शिक्षा एवं कौशल विकास को लेकर कहा कि युवावर्ग अध्ययन और कौशल विकास को प्राथमिकता दें। तकनीकी व डिजिटल शिक्षा अपनाएँ और नए अवसरों का लाभ उठाएँ। साथ ही समय प्रबंधन और अनुशासन अपनाकर अपने जीवन में स्थिरता लाएँ। खेल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागृत करते हुए कहा कि युवा वर्ग नियमित खेलकूद और व्यायाम को आदत बनाएं। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग और ध्यान करें। एबं नशीली और जंक फूड की आदतों से बचें। नशा मुक्ति को अपना ध्येय बनाये क्योंकि नशे से शरीर, परिवार और समाज सभी नष्ट होते हैं। किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।

### अपराध से दूरी बनाकर बने अपराध के विरुद्ध पुलिस मित्र

एसपी मंडलोई ने कहा कि युवाओ को अपराध से दूरी बनाते हुए कानून का पालन करने की आदत डालनी चाहिए। गलत संगत से बचे। असामाजिक गतिविधियों में भागीदारी न करें। और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। वाहन संचालन करते वक्त ट्रैफिक अनुशासन बनाये रखे, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें। यातायात नियमों का पालन करें, मोबाइल का उपयोग करते हुए या अन्य रूप में लापरवाही से वाहन न चलाएँ। बिभिन्न तरीको को अपनाकर किये जा रहे साइबर अपराध से सुरक्षा एवं जागरूकता बरते। सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें। अफवाहें, फर्जी मैसेज या भड़काऊ पोस्ट न फैलाएँ। अज्ञात लिंक, ईमेल या संदेशों पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन ठगी, बैंक धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग से सतर्क रहें।

### समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने युवा आएं आगे

एसपी मंडलोई ने युवाओं से आहवान करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों का त्याग कर इन्हे समाप्त करने में युवाओं को पहल करना चाहिए। जातिवाद, लैंगिक भेदभाव, अंधविश्वास, दहेज जैसी कुरीतियों को जीवन से दूर रखें। समाज में आपसी भाईचारा और समानता की भावना बनाएँ। स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक सेवा जैसे सकारात्मक कार्यों में योगदान दें। महिला सम्मान एवं सुरक्षा पर प्रोत्साहित करते हुए एसपी मंडलोई ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार रखें। छेड़छाड़, अपमान या हिंसा जैसी घटनाओं के प्रति शून्य सहिष्णुता रखें। यदि किसी महिला या बालिका के साथ अनुचित घटना हो रही हो तो सहायता के लिए आगे आएँ और पुलिस को सूचित करें। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों में युवाओं को सक्रिय सहयोग देना चाहिए। एसपी मंडलोई ने अपील करते हुए कहा कि जिले के सभी युवाओं से अपेक्षा है कि वे इस एडवाइजरी को गंभीरता से अपनाएँ और समाज में अनुशासित, जागरूक व जिम्मेदार भूमिका निभाएं। क्योंकि युवाओं का योगदान ही एक सुरक्षित, शिक्षित और समृद्ध समाज का निर्माण करेगा।

## पीड़ित महिला ने एसपी को आवेदन सौंपकर लगाया आरोप, कार्रवाई की गुहार

# आधी रात को गेट में लात मारकर घर में घुसे आरक्षक ने किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल पुलिस थाने में पदस्थ आरक्षक पर एक महिला ने रात्रि के दौरान घर में घुसकर दुष्कर्म किया जाने का आरोप लगाया है। पीडित महिला का आरोप है कि पानी पीने के बहाने आरक्षक रात्रि के दौरान जबरस्ती गेट में लात मारकर घर में घुस आया और जबरदस्ती दुष्कर्म कर दिया और फिर धमकी देकर भाग निकला। पीडित महिला ने पुलिस अधीक्षक को मामले की शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए एसडीओपी बडौदा को मामले की जांच करने के आदेश दे दिए है। एसपी का कहना है कि जांच रिपोर्ट के बाद इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कराहल थाना क्षेत्र निवासी महिला ने एसपी श्योपुर के नाम दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि यह घटना 15 सितंबर की रात्रि के दौरान तब घटित हुई,जब कराहल थाने में पदस्थ पुलिस आरक्षक प्रदीप वित्तल डायल 112 पर ड्यूटी कर रहा था। पीडिता महिला का आरोप है कि 15 सितंबर को रात्रि के 12 बजे उक्त आरक्षक फोन लगाकर मुझसे बोला कि में तुम्हारे पास आ रहा हूं, तो मैने कहा कि इतनी रात्रि को मेरे पर आने का क्या काम है। इस पर आरक्षक बोला कि मेरी डायल 112 पर ड्यूटी है और मुझे प्यास लगी है, आप सिर्फ मुझे पानी मिला देना। लेकिन मैने रात्रि के दौरान यह कहते हुए गेट खोलने से मना कर दिया कि घर पर कोई नहीं है, इसलिए मै गेट नहीं खोल सकती। पीडिता का आरोप है कि फोन काटने के बाद आरक्षक जबरदस्ती गेट पर लातमारकर मेरे घर के अंदर दाखिल हो गया और मेरे पास उसने जबरदस्ती दुष्कर्मकर दिया। यहां बता दें कि जिस आरक्षक पर महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है,वह आरक्षक करीब सालभर से कराहल थाने में पदस्थ बताया है। इस संबंध में कराहल थाने के आरक्षक प्रदीप वित्तल का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल पर कई बार कॉल किया,लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ बताया।



### एसपी ने एसडीओपी को सौंपी मामले की जांच

म्हिला की शिकायत के बाद एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए एसडीओपी बडौदा प्रवीण अष्ठाना को निर्देश दे दिए कि इस मामले की सच्चाई का पता किया जाए और मामला सत्य पाए जाने पर इसमें नियमानुसार कार्रवाई की जाए। एसपी के निर्देश के बाद एसडीओपी ने इस मामले में जांच की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस मामले की जांच एसडीओपी द्वारा शुरू किए जाने के बाद कराहल थाना पुलिस भी हरकत में आ गई है।

### मुझे और मेरे बेटे को जान से मरवाने की धमकी

पीडित महिला ने एसपी श्योपुर के नाम दिए आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि आरक्षक ने जबरदस्ती दुष्कर्मकरने के बाद मुझे यह धमकी दे दी कि इस मामले की थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई तो तुझे और मेरे बेटे को जान से मरवा दूंगा। आरक्षक की धमकी से डरी महिला कुछ दिन चुप रही और फिर अब एसपी के नाम आवेदन सौंपकर आरक्षक की करतूत उजागर करते हुए मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### जांच के निर्देश दिए

एसडीओपी बडौदा को इस मामले की सत्यता पता करने के निर्देश दिए गए है। जांच के बाद मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**सुधीर कुमार अग्रवाल**
**एसपी,श्योपुर**

---

## मेला मैदान से शुरू होगा संचलन,इसके बाद बस्ती बार निकलेगे संचलन

# शहर में आज निकाला जाएगा कौमुदी पथ संचलन, तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस साल शताब्दी वर्ष मना रहा है। इसलिए इस वर्ष संघ के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसीक्रम में रविवार 21 सितंबर को शहर में कौमुदी पथ संचलन निकाला जाएगा। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला प्रचार प्रमुख मुकेश सिकरवार ने बताया कि कौमुदी पथ संचलन रविवार को शाम 7 बजे शहर के मेला मैदान से आरंभ होगा। जो पुराना बस स्टैंड,बडौदा रोड, गणेश बाजार, मुख्य बाजार से होता हुआ वापस मेला मैदान में आकर सम्पन्न होगा।जिसमें नगर के सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल होगे। इसके बाद 2 अक्टूबर 12 अक्टूबर के बीच शहर में बस्ती वार पथ संचलन निकाला जाएगा। बस्ती बार निकलने वाले पथ संचलन को लेकर ही रविवार को कौमुदी पथ संचलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी स्वयंसेवको से पूर्ण गणवेश में शामिल होने का आग्रह किया है।

# देश का पैसा देश के मेहनतकश मजदूर कारीगरों के पास रहे:जादौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



घर घर स्वदेशी अभियान के तहत शनिवार को कराहल महात्मा गांधी सेवाश्रम कार्यालय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें आश्रम के वरिष्ठ साथी जयसिंह जादौन ने स्वदेशी को अपनाकर आत्मनिर्भर कैसे बने जानकारी दी। जादौन ने खादी के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि देश भर में स्वदेशी अभियान चलाया गया है इस हेतु खादी ग्रामोद्योग आयोग ने खादी महोत्सव प्रारंभ किया है उसी श्रंखला में महात्मा गांधी सेवाश्रम द्वारा जो 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक अभियान चलेगा इस उत्सव में गांव शहर के युवा नागरिकों को खादी एवम स्वदेशी के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है उन्होंने बताया कि खादी बस्त्र नही बिचार है यह हमारे देश का स्वदेशी वस्त्र हैं इसको सभी को अपनाना चाहिए जिससे देश का पैसा देश के मेहनत कस मजदूर कारीगरों के पास रहे जिससे देश सशक्त बनेगा हम सब स्वदेशी अपनाएंगे और देश को सशक्त बनाएंगे। इस भावना के साथ सभी ने शपथ ली। कार्यक्रम में इम्पेक्ट से मोसम दिन, महात्मा गांधी सेवा आश्रम के नीरज श्रीवास्तव राधावल्लभ जांगिड़ योगेश कुमार विबेक शर्मा घनश्याम भाई सहित कराहल क्षेत्र के अनेक युवा मौजूद रहे आभार प्रदर्शन राधावल्लभ जागिड़ ने किया।

---

# प्रेमसर में भाजपा ने लगाया शिविर, जुटा 15 यूनिट रक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सेवा पखवाडे के तहत भाजपा द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में शनिवार को भाजपा मंडल प्रेमसर द्वारा शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में भाजपाईयों ने उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए रक्तदान किया। शिविर के दौरान 15 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर में भाजपा के जिलाध्यक्ष शशांक भूषण एवं बीएमओ राघवेन्द्र भदौरिया विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम को मुख्य वक्ता की आसंदी से संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि सेवा पखवाडे के तहत इस तरह के सेवाभावी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है,जिससे लोगो को कुछ नया करने की प्रेरणा मिले। रक्तदान शिविर का आयोजन भी ऐसा ही आयोजन है,जिसके आयोजन से दूसरो को नया जीवन देने की प्रेरणा मिलती है,क्योंकि रक्तदान के जरिए कई जरूरतमंदो को नया जीवन मिलता है।भाजपा मंडल प्रेमसर के अध्यक्ष मनोज सुमन ने बताया कि रक्तदान के दौरान जुटे रक्त को जरूरतमंदो को उपलब्ध कराने के लिए जिला अस्पताल श्योपुर के ब्लड बैंक में पहुंचा दिया गया है। इस शिविर में जगदीश नागर, महावीर मीणा, किशन मीणा, दीपक वैष्णव, कैलाश सेन, डॉ विष्णु गर्ग, डॉ राजेश वर्मा सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## डीएचओ सहित 12 अन्य लोगों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

# पीपीटी में गलत जानकारी भरने वाले डेटा मैनेजर का कटेगा एक माह का वेतन,कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान सेवा पखवाडा अंतर्गत आयोजित रक्तदान महा अभियान के शिविरों के संबंध में गलत जानकारी पीपीटी में दर्ज करने पर जिला चिकित्सालय के डाटा मैनेजर प्रमोद वर्मा का एक माह का वेतन राजसात करने संबंधी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही योजनाओं में फीडिंग नही होने तथा लापरवाही पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना सहित 12 अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान पीपीटी में रक्तदान शिविर की जानकारी एक ही शिविर की दर्ज किये जाने पर एक माह का वेतन काटने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये, जबकि जिला अस्पताल सहित ढोढर एवं कराहल में कुल 3 शिविर लगाये जा चुके है। इसी मामले में डॉ गजेन्द्र सिंह धाकड को भी दो वेतनवृद्धि रोके जाने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना में हितग्राहियां को भुगतान होने के बावजूद पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी फीड नही करने के मामले में कराहल के कम्प्युटर ऑपरेटर अनिल वर्मा को दो वेतनवृद्धि कराने तथा बीएएम प्रमोद गुप्ता को सात दिन का वेतन काटने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। कराहल में योजना अंतर्गत 74.4 प्रतिशत फीडिंग की गई है। इसी प्रकार विजयपुर में 87.2 प्रतिशत फीडिंग होने के चलते विजयपुर के बीएम रामप्रकाश अग्रवाल को भी सात दिवस का वेतन काटने नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत रिपोर्ट पेंडिंग होने पर सिविल सर्जन, नोडल अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना, श्योपुर अस्पताल में पदस्थ डॉ सीमा शाक्य को दो वेतनवृद्धि रोकने एवं बीपीएम विजयपुर दिलीप डण्डोतिया का सात दिवस का वेतन काटने के संबंध में नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।




इसी प्रकार हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जानकारी से संबंधित डाटा संतुष्टिपूर्ण नही होने पर बीसीएम कराहल नवीन यादव की दो वेतनवृद्धि रोकने तथा बीपीएम कराहल वैशाली गोयल का सात दिवस का वेतन काटने के संबंध में नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। इसके अलावा संपूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम की जानकारी पोर्टल पर दर्ज नही होने के चलते टीकाकरण अधिकारी डॉ मुकेश मीणा को दो वेतनवृद्धि रोकने के संबंध में नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किये गये। विभिन्न योजनाओं में डाटा की शत प्रतिशत एन्ट्री नही कराये जाने तथा अपने अधीनस्थ अमले से कार्य नही कराने पर डीपीएम डॉ हेमंत रावत को भी सात दिवस का वेतन काटने के संबंध में नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये है।

## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत किया स्वच्छता श्रमदान

# छात्र, छात्राओं संग प्रिंसिपल ने भी लगाई झाड़ू, चमकाया स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शनिवार को श्योपुर के सीएम राइज स्कूल परिसर में स्वच्छता श्रमदान आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के साथ प्रिंसिपल अशोक खंडेलवाल और स्टाफ ने भी साफ सफाई में श्रमदान किया।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्कूल स्टाफ ने छात्र छात्राओं के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई कार्यक्रम इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों के द्वारा बच्चों के साथ विद्यालय परिसर, कक्षाओ तथा आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कीं गई। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व समझाते हुए प्रिंसिपल खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को प्राथमिकता वाले आयोजनों में रखा है वह खुद नियमित रूप से साफ़ के लिए श्रमदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन स्वच्छ रहने और समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने की। इस दौरान शिक्षक नरेन्द्र शर्मा, खेल शिक्षक कौशल त्रिपाठी आदि ने भी स्वच्छता विषय पर व्याख्यान दिए। इस दौरान स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।




### चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

दशम आयुर्वेद दिवस एवं स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आयुष विंग श्योपुर के अंतर्गत शासकीय श्री हजारेश्वर माध्यमिक विद्यालय में चित्र कला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भागीदारी की यह जानकारी जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने दी।

---


## 6 साल पहले एचआईबी पॉजिटिव हुए दोस्त बांट रहे बीमारी

# नशे की लत बांट रही बीमारी: एक ही सीरिंज से स्मैक लेते थे दोस्त, 8 दोस्तों को हुआ एड्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में स्मैक का नशा किस कदर जानलेवा ओर लाइलाज बीमारियों का कारण भी बन चुका है। इसका उदाहरण करीब 6 साल पहले मिला जहां शक के दायरे में आने पर एक ही गांव के आठ युवक एचआईवी पॉजीटिव मिले हैं। यह सभी एक ही सिरिंज से नशों में स्मैक मिलाकर एविल इंजेक्शन लगाते थे। जांच में आठों को एड्स की पुष्टि हुई थी। अच्छी बात यह है कि यह सभी 8 दोस्त लाईलाज बीमारी से ग्रसित होकर अभी जिंदा बचे हुए हैं और बुरी ओर डरावनी खबर यह है कि यह सभी दोस्त अभी भी उसी नशे में लिप्त हैं जिसके कारण वह 6 साल पहले कभी न ठीक होने वाली बीमारी की चपेट में आए थे और उनके संपर्क में ओर भी नशेड़ी आ रहे हैं।

विगत दिनों नशे के खिलाफ किए गए हल्ला बोल प्रदर्शन के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा ने स्मैक के नशे में उपयोग होने वाले इविल इंजेक्शन पर पूरी तरह रोक लगाने के उद्देश्य से सभी मेडिकल स्टोर की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देशित भी किया गया कि ऐसी दवाइयां जो नशे में उपयोग होती हो मिलने पर संबंधित मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत कारवाई की जाए। इसका मतलब यह हुआ कि नशा को बढ़ावा देने वाला ड्रग मिलने पर संबंधित का लाइसेंस तो निरस्त होगा ही साथ जेल की हवा भी खानी पड़ेगी। ज्ञात हो कि एनडीपीसी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज होने पर 6 साल तक जमानत नहीं होने का प्रावधान है। कलेक्टर के इस निर्देश की पालना होती है या नहीं है तो समय बताएगा लेकिन स्मैक का नशा नसों में दौड़ने का शौक ओर धंधा अभी भी फल फूल रहा है। युवा इस नशे में की गिरफ्त में आकर अपना जीवन तबाह और बर्बाद कर रहे हैं जिसकी बानगी वह युवा है जो 6 साल पहले इसी तरह नसों में सुई चुभोने से एड्स जैसी का इलाज बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं।



### जेल में लगे शिविर में पकड़ में नशेड़ी

6 साल पहले एड्स एचआइवी के खिलाफ़ चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान के दौरान श्योपुर जेल में शिविर लगाकर कैदियों की जांच की थी। वहां स्मैक के एक आदी की जांच में वो एड्स रोगी निकला। जब स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उसकी काउंसलिंग की तो पता चला कि यह एक ही सिरिंज से कई युवक नशे का इंजेक्शन लगाते थे। जो आठ युवक इंजेक्शन लगाते थे उन सभी की जांच की तो आठों एड्स पीड़ित मिले।

### डॉक्टर ने लिखना और मेडिकल स्टोर ने बेचना बंद किए एविल

स्मैक का नशा और ज्यादा हो इसलिए, स्मैक को एविल इंजेक्शन में मिलाकर नशेड़ी अपने हाथ-पांव की नशों में लगा रहे हैं। इस इंजेक्शन से स्मैक का नशा कई गुना तेज हो जाता है। एविल इंजेक्शन एलर्जी, खुजली, इंफेक्शन व दवाओं के रिएक्शन के मरीजों को लगाया जाता है। इविल का उपयोग नशे में होने से डॉक्टरों ने इविल के स्थान पर उसका सब्सियुट बेटनिसोल आदि लिखना शुरू कर दिया है और मेडिकल स्टोर संचालकों ने भी बेचना बंद कर दिया है इसके बावजूद नशेड़ी आराम से इविल इंजेक्शन खरीद कर स्मैक में मिलाकर लगा रहे हैं।

### इनका कहना है...

6 साल पहले जेल में शिविर के दौरान एक कैदी एड्स रोगी पाया गया था। पूछने पर उसने बताया कि उसके अन्य दोस्त भी एक ही सीरीज से इंजेक्शन लगाते हैं सभी की जांच गांव में पहुंचकर की गई जिसमें से 8 एड्स रोगी मिले थे। श्योपुर में एचआइवी पॉजिटिव की संख्या बहुत अधिक है जिनका इलाज़ किया जा रहा है लेकिन पहचान उजागर नहीं कर सकते

**डॉ आरबी गोयल**
**सिविल सर्जन श्योपुर**

# चोरी की मोटरसाइकिल समेत बड़ौदा थाना पुलिस ने धरे दो बाइक चोर

### पांडोला फीडर के पास से चोरी हुई बाइक पुलिस ने ढूंढ निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा थाना पुलिस ने चार दिन पहले हुई बाइक चोरी की वारदात का शनिवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले दो चोरों के अरेस्ट करते हुए उनके कब्जे से चुराई गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम करन्याखेडली निवासी रामरूप पुत्र मनफूल कडेरा की मोटरसाइकिल करीब पांच दिन पहले पांडोला फीडर के पास से चोरी हो गई थी। जिसकी रिपोर्ट रामरूप ने पांडोला चौकी में दर्ज कराई। इसके बाद बडौदा थाना पुलिस ने चोरी की एफआईआर दर्ज कर पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन में चोरो को तलाशने की कार्रवाई टीम बनाकर शुरू की गई। बडौदा टीआई ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की सक्रियता के बूते इस बाइक को चोरी करने वाले चोर जीतू उर्फ सोमदेव पुत्र रामलखन शर्मा निवासी बमोरीहाला थाना आवदा तथा ओमप्रकाश उर्फ सोनू पठान पुत्र सोजी धाकड निवासी फिलोजपुरा के रूप में नामजद करते हुए दोनो दबोच लिया। पूछताछ के दौरान दोनो आरोपियों ने न सिर्फ बाइक चोरी की घटना को अंजाम देना कबूल कर लिया,बल्कि उनकी निशानदेही पर चुराई गई बाइक भी जब्त कर ली गई है। पूछताछ के बाद दोनों चोरो को न्यायाल में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर के अलावा पांडोला चौकी प्रभारी श्यामवीर सिंह यादव, प्रआर सुनील भार्गव,अजय दोहरे,नीरज कटेरिया, आरक्षक राकेश कुमार, मनोज शर्मा, कुलदीप शर्मा की अहम भूमिका रही है।



### वाहन चोरी में लिप्त रहा चुका जीतू

बडौदा थाना पुलिस के मुताबिक बाइक चोरी के मामले में पकडा गया जीतू उर्फ सोमदेव इसके पहले भी एक वाहन चोरी मामले में लिप्त रह चुका है। वाहन चोरी का यह मामला आवदा थाना क्षेत्र का है।

## खबर संक्षेप

### सहायक ग्रेड-03 प्रवाचक तहसील चंदेरी को कारण बताओ नोटिस जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शम्भूदयाल लखेरा, सहायक ग्रेड-03 प्रवाचक तहसील चन्देरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा शुक्रवार को तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अनुपस्थित पाये गये। तत्पश्चात तहसीलदार चन्देरी के बुलाने पर कार्यालय में उपस्थित हुये हैं। न्यायायल तहसीलदार वृत्त-01 चन्देरी का निरीक्षण किया गया। जिसमें न्यायालय में लंबित प्रकरण 144 जो 03 सितम्बर 25 से पेशी से गिरे पाये गये हैं, आपके द्वारा पीठासीन अधिकारी के समक्ष कोई भी नस्ती प्रस्तुत नही की गई है। न्यायायल का कार्य आपके मनमाने तरीके से किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के द्वारा प्रवाचक वृत्त-01 चन्देरी का चार्ज हस्तांतरण हेतु आदेशित किया गया है, किन्तु आपके द्वारा आज दिनांक तक चार्ज हस्तांतरण नही किया गया है। आपका उक्त कृत्य शासकीय सेवा के प्रति स्वेच्छाचारिता एवं गंभीर लापरवाही पूर्ण होकर शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का उल्लंघन है, क्यों न आपके विरूद्ध सिविल सेवा वर्गीकरण एवं नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। इस संबंध में आप अपना जबाब 22 सितम्बर को समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। जबाव समय-सीमा में प्रस्तुत न करने की दशा में आपके विरूद्व एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

### जुए के अडडों पर की छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने कन्या स्कूल के पीछे तास के पत्तों से जुआं खेलते हुए इरफान खान, समद खान, मोनू खान, राजकुमार कौली को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से तास की गडडी और 1450 रूपए बरामद किए गए हैं। कोतवाली पुलिस ने ही गढ़ी के पीछे पुराना बाजार में तास के पत्तों से जुआं खेलते हुए सौरभ बालू, अनिल वंशकार, सप्पा खान, संदीप बाल्मीक को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से तास की गडडी और 1700 रूपए बरामद किए गए हैं।

### पथ विक्रेताओं के लिए लोन पोर्टल हुआ शुरू

**बीना।** नगर पालिका से पथ विक्रेताओं एवं स्ट्रीट वेंडर्स को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत लोन का पोर्टल प्रारंभ हो गया है। इस योजना के तहत पात्र पथ विक्रेताओं को तीन चरणों में लोन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रथम चरण में 15 हजार, द्वितीय चरण में 25 हजार एवं तृतीय चरण में 50 हजार की लोन सुविधा दी जाएगी। आवेदन के लिए बैंक पासबुक, आधार कार्ड (मोबाइल से लिंक), समग्र आईडी एवं 50 हजार के लोन के लिए पैन कार्ड अनिवार्य होगा। साथ ही, यदि किसी पथ विक्रेता ने पूर्व में लोन लिया है तो बैंक से एनओसी लेना अनिवार्य होगा। जिनका लोन अभी चालू है उनकी सभी किस्तें नियमित रूप से भरी जा रही हो और किसी भी लोन में एमपी (डिफॉल्ट) नहीं होना चाहिए। इस योजना का लाभ उठाने के लिए इच्छुक पथ विक्रेता नगर पालिका बीना की एनयूएलएम शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

---

### विधायक ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों से विकास कार्यों की ली जानकारी

# विधायक सप्रे ने जनपद सीईओ से पूछा सवाल जनपद पंचायत से क्यों लीक हो रहे दस्तावेज ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



तहसील कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक निर्मला सप्रे ने सभी विभागों के अधिकारियों से विकास कार्यों की जानकारी ली।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, जनपद अध्यक्ष उषा राय, एसडीएम विजय डेहरिया आदि उपस्थित रहे। बैठक में सीएमओ विनय मिश्रा से विधायक ने कहा कि कन्यादान योजना के तहत विवाह सम्मेलन हुआ था। जिसमें खाना और टेंट का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। इस संबंध में आयुक्त से भी चर्चा की थी। जिस पर नपाध्यक्ष ने बताया कि कलेक्टर के यहां से रोक लगी है। विधायक ने कहा कि 8 से 10 करोड़ रुपए के टेंडर हुए हैं और अनुबंध होने के बाद भी काम नहीं हो रहे हैं। सीएम से मांग करने के बाद नपा भवन बनाने को राशि मिली है, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। विधायक ने कहा कि मोतीचूर नदी के सौंदर्यीकरण का काम रुका हुआ है। जिस पर नपाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में, जो सीएमओ थे वही इस प्रकार के काम करके गए हैं। इस बात पर विधायक ने कहा कि अध्यक्ष की भी गलती है, जो ऐसे ठेकेदारों को काम दिया गया। विधायक ने आवारा मवेशियों को पकडऩे के लिए भी कहा गया है।

जनपद पंचायत सीइओ रितु जैन से विधायक ने कहा कि जनपद पंचायत से दस्तावेज क्यों लीक हो रहे हैं। कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी जाए और बिना आरटीआइ के कोई दस्तावेज बाहर न आएं। इसके अलावा शासकीय जमीन पर पीएम आवास स्वीकृत किए हैं और एक किस्त आने के बाद कार्य रोका जा रहा है, जो गलत है। इसकी पहले जांच कराई जाए, जिससे हितग्राही परेशान न हों। विधायक निधी से चल रहे कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। बीएमओ डॉ. संजीव अग्रवाल से सिविल अस्पताल में सफाई कर्मचारियों की जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि छह कर्मचारी स्थाई पदस्थ हैं, जो पर्याप्त नहीं हैं, आउटसोर्स से कर्मचारी रखने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि कुछ ऐसे डॉक्टर हैं, जो दूसरी जगह काम कर रहे हैं और वेतन अस्पताल से मिल रहा है। जिस पर बीएमओ ने बताया कि यह पुराना मामला है, सिर्फ एक डॉक्टर खुरई में अटैच हैं।

कुछ दिन पूर्व एक डॉक्टर ने ज्वाइन किया है, लेकिन वह रिफाइनरी अस्पताल में सेवाएं दे रही हैं। इस संबंध में पत्र लिखा गया है। पशु चिकित्सा विभाग की डॉक्टर सोनल श्रीवास्तव से विधायक ने कहा कि मवेशियों का टीकाकरण नहीं हो रहा है और पशु पालकों को दवाएं भी नहीं मिल रही हैं। गोशालाओं का भी निरीक्षण नहीं किया है। सभी गोशालाओं की हालत खराब है।

#### पूरा शहर हो रहा गंदा

विधायक ने कहा कि पूरा शहर गंदा हो गया है। शाम को झाड़ू भी नहीं लग रही है। जहां पहले कचरा डलता था, वहीं कचरा क्यों नहीं डाला गया। बेलई तिराहे पर कचरा डाला जाना था, जो कचरा डालने से रोक रहे थे फिर हां कर दी गई। वह नगर पालिका की जगह है, वहां नगर पालिका ने ही बाउंड्रीवॉल बनाई थी। इसके अलावा उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, बिजली कंपनी, पीडब्ल्यूडी, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, महिला बाल विकास, पुलिस आदि की जानकारी ली।

---

### विशेष गहन पुनरीक्षण संबंध में दी जानकारी

## कलेक्टर ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**शिवपुरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य एवं जिला शिवपुरी में शीघ्र ही होने वाले निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण की तैयारी के संबंध में गतदिवस जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कलेक्टर श्री चौधरी ने बैठक में उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिले की सामान्य जानकारी से अवगत कराते हुए निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों एवं भारत की नागरिकता होने बावत प्रावधानों से अवगत कराया। साथ ही वर्ष 2003 की निर्वाचक नामावली पीडीएफ एवं सर्च सुविधा सहित तथा विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता की सीमा निर्धारित होने के फलस्वरूप जिले में करीब 165 मतदान केंद्र बढ़ाए जाने की जानकारी दी गई। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा गया है कि वे आयोग द्वारा नवीन निर्धारित फार्मेट अनुसार (प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए) नियुक्ति कर जानकारी सॉफ्ट कॉपी एवं हार्ड कॉपी में जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। बैठक में आगामी पुनरीक्षण कार्यो में सहभागिता सुनिश्चित करने संबंधी एजेंडा पर भी चर्चा की गई।

अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला ने बताया कि 1 जनवरी 2003 को जिले की पाँच विधानसभा क्षेत्रों में कुल 8,78,644 मतदाता पंजीकृत थे। वहीं 1 जनवरी 2025 की स्थिति में प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली के अनुसार मतदाताओं की संख्या बढ़कर 13,13,125 हो गई है, जिनमें 6,90,623 पुरुष, 6,22,473 महिला और 29 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा वार मतदाताओं की स्थिति में करैरा विधानसभा में कुल 2,72,882 मतदाता, पुरुष 1,44,286, महिला 1,28,591, अन्य 5, पोहरी विधानसभा में कुल 2,49,557 मतदाता, पुरुष 1,32,524, महिला 1,17,028, अन्य 5, शिवपुरी विधानसभा में कुल 2,64,146 मतदाता, पुरुष 1,37,501, महिला 1,26,635, अन्य 10, पिछोर विधानसभा में कुल 2,70,729 मतदाता, पुरुष 1,41,940, महिला 1,28,788, अन्य 1 एवं कोलारस विधानसभा में कुल 2,55,811 मतदाता, पुरुष 1,34,372, महिला 1,21,431, अन्य 8 शामिल है। जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या 1492 है।

---

## पर्दा होता है वाणी संयम व बड़ों का सम्मानः डॉक्टर उमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा अभियान के माध्यम से ग्राम बरदौरा में सामाजिक कुरीतियों, सामाजिक समस्याओं के विरोध में जन जागरूकता रैली एवं घर-घर जाकर जागरूक करने का कार्य कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर के निर्देशन में किया जा रहा है। गांव में फैली हुई कुरीतियां के संबंध में कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने कहा कि पर्दा प्रथा को अब आप लोगों को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर देना चाहिए और पर्दा तो हमारी वाणी के संयम का होता है, बड़ों के सम्मान का होता है, ऊंची आवाज में बात न करने का होता है, इसलिए आप सभी अपने-अपने परिवारों में इन बातों का ध्यान रखें एवं गांव में सभी को जागरूक करें। डॉ आशीष गुप्ता ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि गांव में संयुक्त परिवारों का चलन है। लेकिन आज हम देख रहे हैं कि गांव में भी संयुक्त परिवार विघटित हो रहे हैं। जिसका दुष्प्रभाव बच्चों के संस्कारों पर पड़ता है। इसलिए हमें भरे-पूरे परिवार के साथ रहना चाहिए।

नवीन नामदेव ने ग्राम के घरों में संपर्क करके बाल श्रम की समस्या के निराकरण पर बात कही। बच्चों की जो उम्र पढ़ाई की होती है उसमें उन्हें पढ़ाओ कमाने के लिए तो पूरी जिंदगी पड़ी है इसलिए समय का सदुपयोग करो। नीता नामदेव ने कहा कि नशीले पदार्थ आपके स्वास्थ्य को पूरी तरह से खोखला कर देंगे। इसलिए इनका सेवन न करें और न ही किसी को करने दें। आरती ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में मोबाइल भी एक सामाजिक समस्या का रूप धारण कर लेगा इसलिए अभी से ही अपने आप को नियंत्रित रखें। मोबाइल का उपयोग आवश्यकता पढ़ने पर ही करें। मनीता राजपूत एवं कीर्ति ठाकुर ने दहेज की समस्या पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने बच्चों को आत्मनिर्भर एवं शिक्षित बनाए ताकि दहेज की समस्या पर प्रतिबंध अपने आप ही लग जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की छात्राएं सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

## पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर मशरूका किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

पुलिस ने चोरी के प्रकरण में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। वहीं आरोपियों के पास से चोरी गए सामान को बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि 6 अगस्त को फरियादिया दीपा पति योगीराज अहिरवार निवासी इंदिरा गांधी वार्ड ने रिपोर्ट लेख कराई थी कि 1 अगस्त की रात 12 से 6 बजे के बीच घर में घुसकर कोई अज्ञात चोर पुराने सोने, चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया है। फरियादिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्द अपराध पंजीबद्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान घटना दिनांक से लगातार अज्ञात आरोपी एवं चोरी गए मशरुका की तलाश की गई। 19 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर संदेही कृष्णा पिता सुनील विश्वकर्मा निवासी इंदिरा गांधी वार्ड बीना, नीलेश पिता कमलेश सक्सेना निवासी इंदिरा गांधी वार्ड बीना एवं संतू उर्फ संतोष पिता जगदीश बाल्मीक निवासी सिंधी कालोनी गंजबासौदा जिला विदिशा से अपराध के संबंध में पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने दीपा अहिरवार के चोरी करना बताया एवं के कब्जे से चोरी गए जेवरात/मशरूका जब्त कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया। जब्त मशरूका- पुलिस ने आरोपी से 1 नग सोने जैसी धातू का हार, 1 नग सोने जैसी धातू का बना मंगलसूत्र का पैंडल एवं गुरिया, 1 जोड़ सोने जैसी धातू के कान के टाप्स, 1 नग चांदी जैसी धातू की बनी करधौनी बरामद की है।

सराहनीय कार्य- निरीक्षक अनूप यादव, उनि निशांत भगत, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र मिश्रा, देवेन्द्र सिह, विनोद यादव, शिवकुमार बिल्थरे आदि की भूमिका रही।

---

### फीता काटकर शुभारंभ किया गया

## रामलीला के सांस्कृतिक महोत्सव की मंच से हुई भव्य शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर शहर की रामलीला 78 वर्षों से लगातार जारी है बीती रात सुभाषगंज में श्री गयाप्रसाद कलाकार मण्डली के द्वारा की जाने वाली इस रामलीला का भव्य शुभांरभ किया गया। इस मौके पर नारद मोह का मंचन भी दिखाया गया। उपस्थित जनों ने रामलीला में काम करने वाले कलाकारों की प्रशंसा की।

इस रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हरीबाबू राय शामिल थे कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने की। उदघाटन कर्ता के रूप में अमित रघुवंशी और विकास रघुवंशी संयुक्त रूप से शामिल हुए।

इस उदघाटन समारोह के मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. डी.के. जैन, मण्डल अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह यादव उपाध्यक्ष प्रमोद जैन, सतेन्द्र कलावत, डॉ. जयमण्डल यादव, डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष केपी यादव शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन मण्डल के सचिव रजनीश सिंघई ने किया। इस मौके पर भक्ति भाव से रामायण जी की आरती की गई। इस मौके पर गणेश बंदना का आयोजन हुआ।

---

### पिछोर में विधायक लोधी व दिनारा में पूर्व मंडल अध्यक्ष गुप्ता ने किया शुभारंभ

## 40 स्वास्थ्य सेवी संस्थाओं के शिविरों में साढ़े पांच हजार रोगियों का हुआ परीक्षण, 32 का अल्ट्रासाउंड तथा 14 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत गत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिछोर व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दिनारा सहित 40 स्वास्थ्य संस्थाओं पर स्वास्थ्य शिविरों में आयोजन किया गया। जिसमें साढ़े पांच हजार महिला-पुरूषों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। पिछोर में 2 गंभीर रक्ताल्पता से ग्रसित महिलाओं को तत्काल रक्त चढ़ाया गया वहीं 32 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया गया। 14 समाजसेवियों ने रक्तदान किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर विशेष स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ विधायक प्रीतम लोधी ने किया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि मनीष अग्रवाल, रामकृष्ण पाराशर धुआधार, मंडल महामंत्री मुकेश पंसारी, विधायक प्रतिनिधि गौरव मिश्रा, पार्षद आशीष चौधरी, पार्षद श्रीमती पूनम सोनी, एवं रमेश प्रगति जी रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.बृजेश शर्मा, और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर हर्षवर्धन पुरोहित का विशेष योगदान रहा। शिविर में कुल ओपीडी 475 रही, 32 महिलाओं के अल्ट्रासाउंड किए गए, 14 समाजसेवियों ने रक्तदान किया, 10 क्षय रोगियों को फूड बास्केट तथा 10 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।

इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दिनारा में विशेष स्वास्थ्य शिविर का पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने शुभारंभ किया। जिसके बाद 204 महिला पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण जिला मुख्यालय से गए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया। जिसमें महिलाओं की संख्या 166 रही, 88 वृद्धों, नाक कान गले के 10 रोगियों, मेडिसिन चिकित्सक ने 25, दंत रोग चिकित्सक ने 15, क्षय रोग चिकित्सक ने 6, नेत्र रोग चिकित्सक ने 13, शिशु रोग विशेषज्ञ ने 19 रोगियों का परीक्षण कर उपचारित किया। शिविर में 150 हितग्राहियों का एचवी परीक्षण किए गए। शिविर के आयोजन में सीबीएमओ डॉ रोहित भदकारिया और स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

---

## आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ।अशोकनगर




आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहारों 22 सितम्बर को नवदुर्गा महोत्सव, 2 अक्टूबर को दशहरा एवं गांधी जयंती तथा 20 अक्टूबर को दीपावली सहित अन्य त्यौहारों के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आगामी त्यौहारों को श्रद्धाभक्ति, आपसी सौहार्द एवं सामंजस्य के साथ मनाये। उन्होंने नवदुर्गा पण्डालों की सुरक्षा हेतु नामजद वालेटियर नियुक्त किये जाने की अपेक्षा की। उन्होंने पण्डालों में एमपीईबी से अस्थाई कनेक्शन लिये जाने की बात कही। उन्होंने त्यौहारों के दौरान विशेष साफ सफाई एवं यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखे जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने दशहरा स्थल नवीन सब्जी मंडी पर सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए। उन्होंने विसर्जन स्थल पर साफ-सफाई, फायर बिग्रेड, एम्बुलेंस, क्रेन के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा आगामी त्यौहारों को पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाएं।

---

### पंचायत सचिव की तीन वेतनवृद्धि व रोजगार सहायक की सेवा समाप्ति के दिए निर्देश

# कलेक्टर आदित्य सिंह ने बांकलपुर गांव का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





कलेक्टर आदित्य सिंह ने बांकलपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन का रिकॉर्ड नहीं मिला एवं कम्प्यूटर बंद पाया गया। अनियमित्ताएं पाए जाने पर पंचायत सचिव शोभाराम पाल की तीन वेतनवृद्धि एवं रोजगार सहायक छत्रपाल सिंह लोधी की सेवा समाप्ति किए जाने के निर्देश उन्होंने पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत का नाम लिखवाये जाने के निर्देश सचिव को दिए।

**बांकलपुर गांव में आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया** कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को तहसील चंदेरी अंतर्गत ग्राम बांकलपुर के भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं केंद्र क्रमांक 2 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति पंजी, सेम एवं मेम बच्चों की जानकारी लेकर वजन पंजी का अवलोकन कर सुधार हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आंगनवाडी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि ग्राम के कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया जाए। उन्होंने आंगनवाडी कार्यकर्ता को निर्देश दिए कि बच्चों को मीनू अनुसार नाश्ता एवं भोजन मिले इस हेतु सतत समीक्षा की जाएं।

**कलेक्टर ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं** कलेक्टर द्वारा ग्राम बांकलपुर में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि हैंडपम्प काफी दिनों से खराब है। हेण्डपम्प को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश मौके पर ही दिए। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गांव की पुलिया काफी खराब होने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। कलेक्टर द्वारा मौके पर ही संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। शिक्षक विनोद तिवारी द्वारा बच्चों से झाडू लगवाए जाने पर निलंबन की कार्यवाही, अनुपस्थित शिक्षिका की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश।

कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को तहसील चंदेरी के ग्राम देवलखों में प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में बच्चों द्वारा झाडू लगाना पाये जाने पर शिक्षक विनोद तिवारी को निलंबित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय में शिक्षिका साक्षी तिवारी के अनुपस्थित मिलने पर एक वेतनवृद्धि रोके जाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने देवलखो आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।